डी०ए०पी० जो कि नियंत्रणमुक्त है की उपलब्धता बाजार शक्तियों द्वारा निर्धारित होती है। खरीफ, 1997 के दौरान, बिक्री में कमी के बावजूद भी डी०ए०पी० की उपलब्धता संतोषजनक रही जिसके लिए भारी घरेलू उत्पादन और निजी व्यापार खाते में पर्याप्त आयात को धन्यवाद है। चालू रबी मौसम के दौरान डी०ए०पी० की तेज बिक्री हुई है और कुछ राज्यों में अस्थाई और स्थानीकृत कमियां रिपोर्ट हुई हैं। डी०ए०पी० का उत्पादन लक्ष्य से अधिक रहा है। इस समय सरकार द्वारा डी०ए०पी० का आयात करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

यूरिया के आयात में राज्य व्यापार निगम द्वारा भ्रष्टाचार

1118. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश में कुल कितनी मात्रा में यूरिया और अन्य उर्वरकों का आयात किया गया है और इनका अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य क्या है;

(ख) देश में आयात किए जा रहे यूरिया की विशेषताएं क्या हैं;

(ग) क्या राज्य व्यापार निगम द्वारा यूरिया के आयात में लगातार भ्रष्टचार अपनाया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप आयात प्रक्रिया अत्यत संदेहजनक बताई जा रही है; और

(घ) यदि हां, तो क्या इस संदर्भ में राज्य व्यापार निगम, निदेशक (विपणन) को दोषी पाया गया और उसकी भूमिका अत्यन्त संदेहजनक बताई जा रही है; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है?

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री एम० अरूणाचलम): (क) यूरिया एकमात्र उर्वरक है जिसका मूल्य एवं वितरण सरकार के नियंत्रण में है। गत तीन वर्षों के दौरान आयात की गई यूरिया की मात्रा नीचे दी गई:

वर्ष	मात्रा (लाख टनों में)	अमेरिकी डालर में मूल्य (मिलियन)
1994-95	28.70	512.38
1995-96	37.82	874.41
1996-97	23.28	472.70

यूरिया के अलावा, आयात किए जा रहे अन्य प्रमुख उर्वरक डाई अमोनियम फास्फेट, (डी.ए.पी.) तथा म्यूरिएट आफ पोटाश (एम०ओ०पी०) हैं। डी.ए.पी. और एम.ओ.पी. जो अनियंत्रित उर्वरक है के आयात व्यापार खाते में मुक्त रूप से किए जा रहे हैं क्योंकि उन्हें क्रमशः 17.9.1992 और 17.6.1993 से असरणीवद्ध कर दिया गया है। यह विभाग उनके आयात की मात्रा तथा मूल्य का रिकार्ड नहीं रख रहा है।

(ख) मांग और स्वदेशी उपलब्धता के बीच के अन्तर को पूरा करने के लिए यूरिया का आयात किया जाता है। यह आयात इस समय तीन नामित अभिकरणों अर्थात् एम.एम.टी.सी. लि०, स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन (एसटीसी) और इंडियन पोटाश लि० (आईपीएल) के माध्यम से सरणीबद्ध हैं। वे देश जहां से गत तीन वर्षों के दौरान यूरिया आयात किए गए बंगला देश, बुल्गारिया। क्रोशिया, सीआईएस, जर्मनी इंडोनेशिया, कुवैत, लिबिया, पाकिस्तान कातार रोमानिया, साऊथ अरेबिया, यूएई, यूगोस्लाविया आदि हैं।

(ग) जी, नहीं। एस.टी.सी. सरकार द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के अनुसार यूरिया की खरीद करता है।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

Drop in Net Profit of NFCL

1119. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether NFCL has announced a seven per cent drop in net profit for six months period, ending September 1997 as against corresponding six months of the previous year;

(b) if so, the details thereof and reasons therefor;

(c) whether NFCL, other income also stood lower at Rs. 11.69 crore as compared to Rs 12.32 crore earned previously; and

(d) if so, the reasons therefor and how Government propose to make good the losses?

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) and (b) Nagarjuna Fertilizers and Chemicals Limited has indicated that the drop in its net